## पेंटिंग्स व फोटो प्रदर्शनी शुरू

**उदयपुर,** (कासं)। बागौर की हवेली स्थित कलावीथी में शुक्रवार को भावनगर की आर्टिस्ट रेखा जयदेवसिंह वेगड़ की पेंटिंग्स की तथा फोटोग्राफर धवल अमूल परमार के ड्रोन फोटोग्राफ्स की की प्रदर्शनी 'कला उत्सव' व 'ऊंचाई' का शुभारंभ शुक्रवार शाम को हुआ। गुजरात राज्य ललितकला अकादमी के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ शिक्षाविद् और आलोक संस्थान निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क डॉ. कमलेश शर्मा, वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट राकेश शर्मा राजदीप, मिनीएचर आर्टिस्ट शिवसिंह सोलंकी व तेजस्विता चौबीसा के आतिथ्य में किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कला को एक साधना बताया और कहा कि इसके माध्यम से न सिर्फ कलाकार अपितु इसको देखने वालों के मन में भी अनूठी आनंदानुभूति होती है। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन व मोली बंधन छोड़कर प्रदर्शनी 'कला उत्सव' का विधिवत शुभारंभ किया।

# लूट की वारदात करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

■ वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

**उदयपुर,** (निसं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में लूट की वारदात करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में बाइक बरामद की।

प्रकरण के अनुसार 3 जनवरी को पीडित रमेश चन्द्र पुत्र माणकलाल निवासी छाणी खेरवाड़ा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं रूपये खुले लेकर बाइक पर खेरवाड से छाणी की तार जा रहा था। जहां बीच रास्ते रोबिया छात्रावास के समीप पिछे से बाइक पर आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने जेब पर झपट्टा मार कर 51 हजार 300 रूपये लूट कर खेरवाड़ा की तरफ फरार हो गए।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना व तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर रोबिया गांव के पास लूट की वारदात करने वाली पार्टनर गैंग के तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने पाटिया थाना क्षैत्र में लूट की वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

इसी प्रकार शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने राह चलते लोगों को अश्लील इशारे कर परेशान करने के मामले में नौ महिलाओं को शांति भंग करने के मामले में गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन रोजपुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के सुपरविजन में गठित दल मुखबीर से टॉउन हॉल रोड़ पर बैठी महिलाओं द्वारा आने जाने वाले लोगों को अभद्र ईशारा करने की सूचना पर मौके पर पहुंचा। जहां बैठी मिली । जिन्हें समझाईश की लेकिन महिलाओं ने मौके पर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने सभी नो महिलाओं को शांति भंग करने के आरोपी में गिरफ्तार किया।

# नकली हार गिरवी रखकर नकदी हड़पने का मामला

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ नकली हार गिरवी रख कर नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पुष्करलाल पुत्र पृथ्वीराज ब्राम्हण निवासी चाटिया खेड़ी गोगुन्दा ने ठेकेदार मानपुर आबूरोड़ निवासी शंकरलाल पुत्र देवाराम प्रजापत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ठेकेदारी का काम करता था एवं मेरी किराणा दुकान से सामान लेकर जाता था। जिसके चलते उससे परिचय होकर संपर्क हो गया। गत दिनों आरोपी ने रूपयों की आवश्यकता होने से हार गिरवी रखने की बात कही। इस पर वह नवंबर 2024 को मेरे पास हार गिरवरी रखने आया तथा पन्द्रह दिन के लिए हार देकर 2 लाख रूपये उदधार लेकर चला गया। निर्धारित समय पश्चात संपर्क किया तो मोबाईल बंद मिला। शंका होने पर हार की जांच कराई तो वह झूठा निकाला। इस पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

इसी प्रकार भूखण्ड बेचने का झांसा देकर पीडित से लाखें की नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पीडित मांगीलाल पुत्र सवाजी एवं मीना गायरी पत्नी औकारलाल गायरी निवासी गायरियों का मोहल्ला तीतरड़ी ने गणेशलाल पुत्र देवीलाल गायरी निवासी नाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी नाडेला तालाब में जमीन है।

## चंदन पेड़ चोरी का मामला

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के के सविना थाना क्षैत्र में रिसोर्ट से चंदन पेड़ चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से सविना थाना क्षैत्र जस्ता राजपुताना रिसोर्ट के सिक्योरिटी इंचार्ज कृष्णपुरा जावरमाइन्स निवासी ईश्वर पुत्र भगवानाल भील ने सविना पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 9 जनवरी तडके अज्ञात चोर रिसोर्ट में घुस कर चंदन पेड़ काट रहे थे। इस दौरान एक पेड़ काट कर ले गए तथा दो पेड़ काटने का प्रयास किया। इस दौरान सुरक्षा गार्ड को आता देख चोर फरार हो गए। पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति का किया पुतला दहन

**उदयपुर,** (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विवि में संविदा कर्मचारियों की हडताल के समर्थन में दोनों छात्र संगठन एबीवीपी और एनएसयूआई एक मंच पर खडे होते दिखाई दे रहे हैं। छात्र संगठनों ने शुक्रवार को कुलपति सुनीता मिश्रा के पुतले का दहन किया। मोहनलाल सुविवि में जिस तरह से संविदा कर्मचारी हडताल कर रहे है उसके बाद उनको समर्थन देने के लिए स्थाई कर्मचारी भी काम नहीं कर रहे है। ऐसे में विविके स्टूडेंस को चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड रहा हैं। विवि में छात्र हितों के प्रति किसी का ध्यान नहीं है ऐसे ही चलता रहा तो छात्र हितों को सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है। इसी को लेकर छात्र संगठन भी आन्दोलनरत कर्मचारियों के पक्ष में उतर गये है। इससे पहले छात्र संगठनों और कर्मचारी संगठनों ने शव यात्रा निकाली और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कुलपति का पुतला फूंका। पदाधिकारियों ने कहा कि ा कर्मचारी संघ द्वारा संविदा कर्मचारियों के सेवा विस्तार के लिए आंदोलन किया जा रहा है लेकिन प्रशासन द्वारा इसके लिए कोई समाधान नही निकाल कर भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है।




